# अधिकारी बनने की ट्रेनिंग करते-करते बन गए यूपीएससी टापर

## दानिक्स की ट्रेनिंग के दौरान अनुज अग्निहोत्री ने की परीक्षा की तैयारी, कहा-अनुशासन में रहते हैं और खुद पर विश्वास है, तो जीत सकते हैं दुनिया

शुजाउद्दीन • जागरण

**पूर्वी दिल्ली:** 'सपने वो नहीं होते जो नींद में आते हैं, सपने वो होते हैं जो आपको सोने नहीं देते।' 2023 की सिविल सर्विसेज की परीक्षा में मुख्य सूची में आने से चूके अनुज अग्निहोत्री को उनके सपनों ने सोने नहीं दिया। दानिक्स (दिल्ली, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह नागरिक सेवा) अधिकारी के रूप में चयन तो हुआ, लेकिन मनमुताबिक रैंक न होने का मलाल जरूर था। यूनियन टेरिटरीज सिविल सर्विसेज (यूटीसीएस) के कड़कड़डूमा कैंपस में दानिक्स की ट्रेनिंग भी की और अनुशासन के साथ अगली परीक्षा की तैयारी भी की। बस शुक्रवार को जो परिणाम आया उसने अनुज अग्निहोत्री के सपने को पूरा कर दिया। दानिक्स की ट्रेनिंग करते-करते वह यूपीएससी (संघ लोक सेवा आयोग) मुख्य परीक्षा के टापर बन गए। अनुज ने कहा कि यदि आप अनुशासन में रहते हैं और खुद पर विश्वास है तो दुनिया जीत सकते हैं।

कोटा के पास छोटे से कस्बे रावतभाटा निवासी अनुज अग्निहोत्री बीते करीब दो साल से कड़कड़डूमा स्थित कैंपस में ट्रेनिंग कर रहे हैं। दैनिक जागरण से फोन पर बात करते हुए उन्होंने बताया कि जब बचपन में वह लोगों को बीमार देखते थे तो डाक्टर बनने का सपना मन में आता था।

2023 में वह सपना पूरा भी हुआ, जब जोधपुर एम्स से एमबीबीएस पूरी की। हालांकि एमबीबीएस करने के दौरान मरीजों को देखते हुए उनके मन में ख्याल आया कि अगर लोगों की सेवा करनी है, तो डाक्टर से ज्यादा बेहतर आइएएस बनना होगा। बस इसी दौरान 2023 में पहली बार सिविल सर्विसेज की परीक्षा दी, लेकिन कटआफ से थोड़ा दूर रह गए। उन्हें रिजर्व सूची में 52वीं रैंक मिली और बाद में दानिक्स अधिकारी के रूप में उनका चयन भी हो गया।

अनुज ने बताया कि एम्स में एमबीबीएस करने के दौरान ही उन्होंने यह ठान लिया था कि आइएएस बनकर लोगों की सेवा करनी है। जब वर्ष 2023 में लक्ष्य से कुछ पीछे रह गए, तो मन में मलाल रहा। इसके बाद दानिक्स की ट्रेनिंग के दौरान ही रूम में पांच-छह घंटे पढ़ाई करते थे। अनुज ने बताया कि वह विराट कोहली से प्रेरणा लेते हैं। जब पूरे देश को लगा कि अब कोहली रिटायर होंगे तो उन्होंने ऐसा प्रदर्शन किया जिससे पूरी दुनिया दोबारा उनकी फैन हो गई।


यूपीएससी में सफलता मिलने पर अनुज अग्निहोत्री परिवार के साथ • सौः इंटरनेट मीडिया

### 'आज लगा, भगवान ने लिफ्ट करा दी'

अनुज ने बताया कि वर्ष 2017 की एम्स की आल इंडिया मेडिकल की परीक्षा में उनकी 215 रैंक आई थी। वह उससे खुश नहीं थे। इसके बाद 2023 में यूपीएससी की रिजर्व सूची में रहे तो उनका मन करता था कि भगवान से कहें कि मुझको भी तो लिफ्ट करा दे। अब मनमुताबिक रिजल्ट आया तो लग रहा है कि भगवान ने लिफ्ट करा दिया।

अनुज के पिता केबी अग्निहोत्री रावतभाटा परमाणु संयत्र में कार्यरत हैं और उनकी मां मंजू गृहिणी हैं। पिता ने बेटे की सफलता पर कहा कि यह सब अनुज की मेहनत है। वह पढ़ाई में शुरू से होशियार था, उन्हें उम्मीद थी कि वह जहां जाएगा टाप ही करेगा। मां मंजू ने कहा कि दिल्ली जाने पर वे चिंतित रहती थीं, लेकिन आज उसको सफलता मिलने पर बहुत खुश हैं।

### उज्ज्वल ने असफलता को बना लिया सफलता के लिए मंत्र


उज्जवल • सौ -स्वयं

मूलरूप से हरियाणा के भिवाड़ी के धनाना गांव के रहने वाले उज्ज्वल ने यह साबित कर दिया है जीवन में असफल होने पर किस्मत को दोष देने से कुछ नहीं होता है। मेहनत करने पर सफलता कदम चूमती है। उज्ज्वल ने दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से बीटेक किया हुआ है। इनके पिता प्रदीप दिल्ली पुलिस में इंस्पेक्टर हैं। वह मौजूदा वक्त में हर्ष विहार थानाध्यक्ष हैं। प्रदीप के परिवार में पहली बार किसी ने यूपीएससी में सफलता हासिल की है। उज्ज्वल ने कहा कि वह तीन बार से यूपीएससी की परीक्षा दे रहे हैं। इस बार उन्हें सफलता मिली है। दो बार असफल होने पर उन्होंने पढ़ाई छोड़ी नहीं। बिना कोचिंग लिए वह खुद तैयारी करते रहे। उनकी मेहनत कामयाब हुई और तीसरी बार में उनकी 174वीं रैंक आई। इससे पूरे परिवार में खुशी है।

### सिविल इंजीनियर ने यूपीएससी में हासिल की 565वीं रैंक


प्रशांत कटियार•

सिविल इंजीनियर प्रशांत कटियार यमुनापार में राधेश्याम पार्क एक्सटेंशन में अपनी बहन के घर में रहते हैं। उनकी दो बहनें शिवांगी कटियार व दीक्षा कटियार और जीजा तलविंदर दिल्ली पुलिस में एसआइ हैं। वर्ष 2024 में आइआइटी दिल्ली से प्रशांत ने सिविल इंजीनियरिंग की है। देश सेवा के लिए उन्होंने सिविल सर्विसेज को चुना। इंजीनियरिंग करते ही वह यूपीएससी की तैयारी में जुट गए थे। प्रशांत ने कहा कि बिना कोचिंग लिए उन्होंने यूपीएससी में 565वीं रैंक हासिल की है। उन्होंने टाइमटेबल बनाकर पढ़ाई की। घर वालों ने उनका पूरा साथ दिया। तब जाकर वह इस मुकाम पर पहुंचे।

### एक कमरे का घर कभी नहीं बना सपनों को सच करने में बाधा


प्रीति चौहान •

नोएडा सेक्टर 82 की प्रीति चौहान को देश में 47वीं रैंक मिली है। प्रीति चौहान ने बताया कि यह उनका दूसरा प्रयास था। ग्रेजुएशन करने के साथ यूपीएससी की तैयारी भी करती रहीं। पिता राजेंद्र सिंह प्राइवेट नौकरी करते हैं। मां मधुबाला सिंह गृहिणी हैं। प्रीति बताती हैं कि उनका घर एक कमरे का है, लेकिन इसे उन्होंने अपनी तैयारी में बाधा नहीं बनने दिया। प्रारंभिक परीक्षा की तैयारी भी खुद ही की थी।

### सेवानिवृत्त हवलदार के बेटे की यूपीएससी में आई 643वीं रैंक


शुभम कुमार • स्वयं

शुभम कुमार मूलरूप से बिहार के गया के रहने वाले हैं। उनके पिता आर्मी से शंभु शर्मा हवलदार के पद से सेवानिवृत्त हैं। शुभम ने महाराजा अग्रसेन कालेज से पालिटिकल साइंस से बीए किया है। शुभम परिवार के साथ पूर्वी दिल्ली के न्यू अशोक नगर में किराये पर रहते हैं। शुभम की यूपीएससी में 643वीं रैंक आई है। उन्होंने कहा कि तीसरी बार में उन्हें सफलता मिली है। उनके पिता गांव में रहना चाहते हैं। वह उनकी पढ़ाई की वजह से दिल्ली में किराये पर रहे। उन्होंने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर संजीव तिवारी को दिया। उन्होंने कहा कोचिंग की जगह उन्होंने यूपीएससी टापर्स के नोट्स का इस्तेमाल किया।

### शिक्षा के क्षेत्र में सुधार लाना चाहते हैं 69वीं रैंक पाने वाले अनुज पंत



गाजियाबाद जिले के नंदग्राम के रहने वाले अनुज पंत ने यूपीएससी की सीएसई में आल इंडिया 69वीं रैंक हासिल की है। अनुज 2024 में आइपीएस बने थे। इसके बाद भी बेहतर रैंक के लिए प्रयास जारी रखा। वह शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए कार्य करना चाहते हैं। अनुज के पिता दिनेश पंत एक निजी कंपनी से सेवानिवृत्त हैं और मां मीना पंत गृहणी हैं। अनुज ने राजनगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर से पढ़ाई की है और दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक किया। 2022 से उन्होंने सिविल सर्विस की तैयारी करनी शुरू की। पहले प्रयास में वह साक्षात्कार में रह गए थे। दूसरे प्रयास में आइपीएस बने। अब तीसरे प्रयास में बेहतर रैंक हासिल कर आइएएस बने हैं। अनुज ने बिना किसी कोचिंग की मदद के खुद पढ़ाई की है।

### तीसरे प्रयास में गाजियाबाद के रहने वाले गर्व ने पाई 192वीं रैंक



गाजियाबाद जिले के मालीवाड़ा के रहने वाले गर्व गर्ग ने यूपीएससी की सीएसई में आल इंडिया 192 रैंक हासिल की है। यह उनका तीसरा प्रयास था। गर्व के पिता संजय गर्ग व्यावसायी हैं और मां निशा हाउस वाइफ हैं। दिल्ली पब्लिक स्कूल गाजियाबाद से उन्होंने 97.75 प्रतिशत अंकों के साथ 12वीं की। उन्होंने हिंदू कालेज दिल्ली विश्वविद्यालय से हिस्ट्री और पालीटिकल साइंस विषयों के साथ स्नातक किया। 2023 में पहले प्रयास में प्री-परीक्षा में सफल हुए। 2024 में वह असफल रहे। तीसरे प्रयास में उन्हें शानदार सफलता मिली। उनका कहना है कि इंटरनेट मीडिया का सही तरीके से इस्तेमाल किया जाए तो वहां से काफी कुछ जानकारी मिलती है।

## एसीपी अपूर्वा वर्मा ने हासिल की 42वीं रैंक


अपूर्वा वर्मा •

**जासं, दक्षिणी दिल्ली:** पुलिस की ड्यूटी अपने आप में ही बड़ी चुनौती है। हमेशा मुस्तैद रहना होता है। ऐसे में पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित कर पाना बड़ा मुश्किल है। इसका तोड़ निकालते हुए आनलाइन पहले से बने-बनाए और उपलब्ध मैटेरियल पर फोकस किया। तैयारी में पुराने नोट्स भी काम आए। यह कहना है यूपीएससी परीक्षा में 42वीं रैंक हासिल करने वाली दक्षिणी दिल्ली सीआर पार्क की एसीपी अपूर्वा वर्मा का। अपूर्वा नरकटियागंज के सुगौली गांव निवासी व टीपी वर्मा महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य स्व. रिपुसूदन प्रसाद वर्मा की पौत्री हैं। उनका लक्ष्य शुरू से ही आइएएस बनना था। इसी संकल्प से नौकरी करते हुए भी निरंतर तैयारी करती रहीं और आखिरकार इस वर्ष यूपीएससी में 42वां रैंक हासिल कर कर लिया है। अपूर्वा के पिता अजीत कुमार वर्मा बोकारो में इंजीनियर हैं। अपूर्वा ने एनआइटी से इंजीनियरिंग करने के बाद सिविल सेवा की तैयारी शुरू की।

### पिता करते थे वेल्डिंग, बेटा यूपीएससी में हुआ सफल


कर्ण सिंह •

**जास. नारनौल:** नारनौल के माली टिब्बा के कहने वाले कर्ण सिंह ने 750 वां रैंक हासिल कर यूपीएससी में सफलता हासिल की है। उनके पिता रमेश चंद वेल्डिंग का कार्य करते थे अपने बेटे को सफलता की ऊंचाइयों तक देखने का उनका सपना बेटे ने साकार कर दिखाया है। कर्ण ने कभी किसी कोचिंग का सहारा नहीं लिया। उन्होंने दिल्ली के हिंदू कालेज से वर्ष 2021 में स्नातक पास किया था और तभी से यूपीएससी की तैयारी कर रहे थे।

## यूपीएससी में शीर्ष पांच में से तीन पर दिल्ली विश्वविद्यालय के विद्यार्थी

लोकेश शर्मा • जागरण

- दिल्ली विश्वविद्यालय के 25 विद्यार्थियों ने यूपीएससी परीक्षा में मारी बाजी
- डीयू से बीकाम स्नातक कर रहे आकांश ढुल ने हासिल की है तीसरी रैंक

**नई दिल्ली:** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) परीक्षा 2025 के परिणाम में दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष पांच में से तीन स्थानों पर कब्जा जमाया है। डीयू से बीकाम स्नातक कर रहे आकांश ढुल ने अखिल भारतीय स्तर पर तीसरी रैंक हासिल की है। वहीं, डीयू से बीए (आनर्स) अर्थशास्त्र की पढ़ाई करने वाले राघव झुनझुनवाला ने चौथी रैंक प्राप्त की है। ईशान भटनागर ने पांचवीं रैंक हासिल की है। उन्होंने राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय से बीए एलएलबी (आनर्स) की पढ़ाई की है। कुल मिलाकर डीयू के 25 विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में बाजी मारी है। इनमें कुछ पूर्व छात्र भी शामिल हैं। डीयू से जुड़ी मिरांडा हाउस की छात्रा आस्था जैन ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नौवीं रैंक प्राप्त की है। किरोड़ी मल कालेज के हसन खान ने 95, दयाल सिंह कालेज के लक्ष्य अग्रवाल ने 164, रामजस कालेज की इतिहास (आनर्स) की छात्रा वैष्णवी (2023 बैच) ने 298, दीन दयाल उपाध्याय कालेज की अंशिका ने 330, इसी कालेज के अमन कांपियाल ने 362वीं रैंक प्राप्त की है। महाराजा अग्रसेन कालेज के शुभम कुमार ने 643वीं रैंक हासिल की। हिंदू कालेज के 2021-24 बैच के अर्पित ऋतुराज ने 857वीं रैंक हासिल की है। जानकी देवी मेमोरियल रामजस कालेज के बीएससी आनर्स गणित के छात्र अनिकेत रंजन ने 48वीं रैंक, लेडी श्रीराम कालेज की बीए (आनर्स) अर्थशास्त्र की छात्रा देव्यांशी कौर ने 71वीं, दयाल सिंह कालेज के छात्र उत्कर्ष ने 32वीं, श्रीराम कालेज आफ कामर्स के बीकाम (आनर्स) के छात्र दीपांशु जिंदल ने 38वीं, किरोड़ीमल कालेज के बीएससी फिजिकल साइंस के छात्र राज सिंह ने 729वीं, हिंदू कालेज के छात्र अमन मेहरोत्रा ने 571 वीं, मिरांडा हाउस की छात्रा सोनाली झा ने 89वीं एसआरसीसी की ही छात्रा पारुल गर्ग ने 639वीं हासिल की। गार्गी कालेज की बीएससी आनर्स केमिस्ट्री की छात्रा प्रीति ने 47वीं रैंक प्राप्त की है। दिल्ली कालेज आफ आर्ट्स एंड कामर्स के छात्र चितवान जैन ने 17वीं रैंक पाई।

# डीएनडी के 25 वर्ष पूरे, अब बढ़ते यातायात को संभालने की भी तैयारी

**साक्षात्कार**

दिल्ली और नोएडा को जोड़ने वाले डीएनडी (दिल्ली-नोएडा डायरेक्ट) फ्लाइवे 25 वर्ष पूरे कर चुका है। पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) माडल पर यह देश का पहला और सफल प्रोजेक्ट है। यह प्रोजेक्ट एनसीआर की तेजी से बढ़ती आबादी और आर्थिक गतिविधियों के लिए महत्वपूर्ण साबित हुआ। न्यायालय के आदेश पर यहां टोल बंद होने के बाद भी निर्माता कंपनी एनटीबीसीएल (नोएडा टोल ब्रिज कंपनी लिमिटेड) ने यहां रखरखाव जारी रखा। यह फ्लाइवे सिग्नल-फ्री, तेज और सुरक्षित यात्रा के लिए खास है। रोजाना करीब 2.5 लाख लोग एक लाख से अधिक वाहनों से गुजरते हैं। ऐसे में यातायात संभालना बड़ी चुनौती है। डीएनडी के इतिहास और भविष्य की कार्ययोजना पर एनटीबीसीएल के कार्यकारी निदेशक **धीरज कुमार** से दैनिक जागरण संवाददाता ने बातचीत की। पेश है बातचीत के कुछ प्रमुख अंश...


एनटीबीसीएल के कार्यकारी निदेशक धीरज कुमार •

**• डीएनडी को 25 वर्ष पहले के वाहनों की संख्या के लिए बनाया गया। यह उस पर कितना खरा उतरा है? अब यहां बढ़ रहे यातायात के लिए क्या योजना है?**

-डीएनडी का प्रस्ताव 25 वर्ष पूर्व करीब 50 हजार वाहनों के लिए तैयार हुआ। कंपनी ने भविष्य की संभावनाओं को देखते हुए फ्लाइवे को दोगुनी क्षमता का बनाया। इसका लाभ अभी भी बाद भी मिल रहा है। डीएनडी को एक्सप्रेसवे और कई क्षेत्रों से जोड़ने के लिए लूप बनाए गए। यहां यातायात प्रभावित होता है। नोएडा प्राधिकरण यहां रुकने वाले यातायात के लिए हमसे प्रस्ताव मांगता है या खुद देता है तो उसके लिए भी हम तैयार हैं। आवश्यकता अनुसार लूप को जोडने के लिए अतिरक्त लेन की जरूरत होंगी तो बनाई जाएंगी।

**• डीएनडी फ्लाईवे की शुरुआत कैसे हुई? पीपीपी माडल चुनने का कारण क्या रहा?**

डीएनडी बनने से पहले नोएडा से दिल्ली के दो रास्ते थे। एक योजना तैयार हुई क्यों ना यमुना के ऊपर एक लिंक रोड बनाया जाए। इसमें आइएलएंडएफएस, यूपी और दिल्ली सरकार शामिल थे। आइएलएंडएफएस ने एनटीबीसीएल को फंड दिया। जापान की कंपनी इससे जुड़ी।

**• यहां से डेली गुजरने वालों के लिए सुधार का क्या प्लान है? सेफ्टी और इंटीग्रेशन पर भविष्य की योजना क्या है?**

हमारा उद्देश्य ही सड़क से गुजरने वालों को सुगम और सुरक्षित सफर मुहैया करवाना है। कंपनी की एसओपी है कि कोई गड्ढा सड़क पर है तो 24 घंटों के भीतर उसको भरा जाए। कंट्रोल रूम और एम्बुलेंस सहायता वाहन सवारों को बिना देरी के सातों दिन 24 घंटे मिले यही हमारी प्राथमिकता है।

**• टोल बंद होने के बाद सबसे बड़ी चुनौतियां क्या आईं?**

-डीएनडी पर 90 प्रतिशत राजस्व टोल से मिलता था। न्यायालय के आदेश पर यह बंद हो गया।

## बीएड, एमएड के परीक्षा फार्म भरने की समय सीमा 30 तक बढ़ी

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** दिल्ली विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं के लिए परीक्षा फार्म भरने संबंधी अधिसूचना जारी कर दी है। विश्वविद्यालय की ओर से जारी नोटिस के अनुसार सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, एडवांस्ड डिप्लोमा, बीएलएड, बीएड और एमएड पाठ्यक्रमों के छात्रों को निर्धारित समय सीमा के भीतर आनलाइन परीक्षा फार्म भरना होगा।

विश्वविद्यालय के अनुसार सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और एडवांस्ड डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं मार्च-अप्रैल, जबकि बीएलएड, बीएड और एमएड के वार्षिक पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं मई-जून में प्रस्तावित हैं। छात्रों को परीक्षा फार्म भरने के लिए 30 मार्च तक का समय दिया गया है। बीएलएड, बीएड और एमएड पाठ्यक्रमों के लिए अंतिम तिथि 30 मार्च रात 11:55 बजे तक निर्धारित की गई है। अन्य पाठ्यक्रमों के लिए 30 मार्च शाम 5:30 बजे तक फार्म भरे जा सकेंगे। इससे पहले 27 फरवरी आखिरी तारीख थी, जिसे छात्रों के हितों के लिए बढ़ाया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि छात्रों को परीक्षा फार्म दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र पोर्टल के माध्यम से आनलाइन भरना होगा। इसके साथ ही परीक्षा शुल्क भी संबंधित कालेज या विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए लिंक के माध्यम से आनलाइन जमा करना अनिवार्य होगा।

# महिला उद्यमियों आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में स्वदेशी हाट मददगार : सत्या

- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर सिविल सेंटर में स्वदेशी हाट का हुआ आयोजन
- स्वयं सहायता समूहों व एनजीओ से जुड़ी महिलाओं ने स्वदेशी हाट में अपने उत्पाद प्रदर्शित किए

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) के उपलक्ष्य पर दिल्ली नगर निगम के मुख्यालय सिविक सेंटर में शुक्रवार को स्वदेशी हाट का आयोजन किया गया। यह आयोजन महिला कल्याण एवं बाल विकास समिति की तरफ से आयोजित किया गया।

यहां स्वयं सहायता समूहों व स्वयंसेवी संस्थाओं से जुड़ी महिलाओं ने स्टाल लगाकर अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। इन स्टालों पर बनारसी साड़ियां, वस्त्र, परफ्यूम, बैग, ज्वेलरी, बेकरी उत्पाद, हस्तनिर्मित वस्तुएं व अन्य स्वदेशी उत्पाद प्रदर्शित किए गए थे। महिला उद्यमियों द्वारा तैयार किए गए इन उत्पादों को लोगों ने काफी सराहा और जमकर खरीदारी भी की। इस मौके पर स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा कि ऐसे मंच महिला उद्यमियों के हुनर को सम्मान दिलाने का कार्य करते हैं, जिससे उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनने में मदद मिलती है।

उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस केवल एक औपचारिक दिवस नहीं, बल्कि महिलाओं के योगदान, उनकी मेहनत और आत्मनिर्भरता को सम्मान देने का महत्वपूर्ण अवसर है। स्वदेशी हाट जैसे कार्यक्रम महिलाओं के कौशल को सम्मान दिलाते हैं। इस मौके पर महिला कल्याण एवं बाल विकास समिति की अध्यक्ष रेखा रानी ने कहा कि स्वदेशी हाट का उद्देश्य महिला उद्यमियों द्वारा बनाए गए स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना है।


निगम मुख्यालय में आयोजित स्वदेशी हाट कार्यक्रम के दौरान स्टाल पर हस्त निर्मित उत्पादों को देखतीं स्थायी समिति की अध्यक्षा सत्या शर्मा व अन्य • सौजन्यः एमसीडी

## अवैध रूप से रह रहे पांच नाइजीरियाई नागरिक निर्वासित

**जागरण संवाददाता, पश्चिमी दिल्ली:** द्वारका जिला पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। फरवरी के महीने में, जिला पुलिस ने प्रभावी कदम उठाते हुए नाइजीरियाई मूल के पांच नागरिकों को पकड़ा, जिन्हें बाद में उनके देश वापस भेजने (निर्वासन) की प्रक्रिया पूरी की गई।

द्वारका जिले के आपरेशन यूनिट और विभिन्न थानों का स्टाफ लगातार ऐसे विदेशी नागरिकों के बारे में खुफिया जानकारी जुटा रहा है, जो भारत में बिना वैध वीजा के रह रहे हैं। उपायुक्त कुशल पाल सिंह ने बताया कि यह अभियान संसाधनों के अवैध दोहन और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। पुलिस की अलग-अलग टीमों ने क्षेत्र में औचक निरीक्षण और दस्तावेजों की जांच की, जिसके बाद उत्तम नगर पुलिस टीम ने तीन नाइजीरियाई नागरिकों को पकड़ा, जिन्हें डिपोर्ट कर दिया गया है। एंटी-नारकोटिक्स सेल ने दो नाइजीरियाई नागरिकों को पकड़ा, जिन्हें उनके देश वापसी की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## एआइ समिट के समय बने फाउंटेन को तोड़ने वालों का नहीं मिला सुराग


निजामुद्दीन के लोधी रोड रेड लाइट के पास पार्क में टूटा पड़ा फाउंटेन • सौ. सुधी पाठक

**जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली:** मथुरा रोड पर निजामुद्दीन से लोधी रोड लाल बत्ती के पास स्थित तिकोने पार्क में एआइ समिट के दौरान हुए सुंदरीकरण कार्य को नुकसान पहुंचाने वालों का एक पखवाड़े बाद भी सुराग नहीं मिल पाया है। 20 फरवरी को यहां लगाई गई लाइट, नये फाउंटेन व अन्य सजावट को तोड़ दिया गया था। 21 फरवरी की सुबह इसका पता चलने पर एमसीडी ने निजामुद्दीन थाने में एफआइआर दर्ज कराई थी।

शिकायत के मुताबिक, एमसीडी ने निजामुद्दीन बस्ती के पास मल्टीलेवल पार्किंग के सामने तिकोना पार्क में डेढ़ लाख रुपये की लागत से फाउंटेन व अन्य सुंदरीकरण के कार्य करवाए थे। इस प्रोजेक्ट के तहत भारत मंडपम, हुमायूं का मकबरा और लोधी होटल में बाउंड्री वाल, पेडस्टल, लैंडस्केपिंग व अन्य सुंदरीकरण के कार्य करवाए गए थे।

तिकोना पार्क में फव्वारा लगाने के साथ इसके आसपास विशेष प्रकार की घास लगाने से यह बहुत आकर्षक हो गया था। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, आरोपितों की पहचान के लिए आसपास रहने वाले कुछ संदिग्धों से पूछताछ की गई है। वहीं, एमसीडी का कहना है कि पुलिस जांच पूरी होने के बाद फव्वारे की मरम्मत करवाई जाएगी।




## गरीब व जरूरतमंदों की पीड़ा का एहसास कराता है रमजान

रोजा वास्तव में एक महीने का एक ऐसा प्रशिक्षण है जिसका प्रभाव पूरे वर्ष रहता है। रोजा इस्लामी कानून की ऐसी धारा है जिसके लागू होते ही इंसान हर तरह की बुराई, झूठ, छल, कपट से रुक जाता है। रोजा सुबह से शाम तक मात्र भूखे और प्यासे रहने का नाम नहीं है। यह पवित्र सामाजिक, वैज्ञानिक और नैतिक अभ्यास भी है। इस अभ्यास के जरिये इंसान को एक साथ कई तत्व समझाना और बहुआयामी तजर्बों से गुजरना असल मकसद है। रोजा मूलतः रमजान के महीने में रखा जाता है। रमजान का मूल शब्द रमज है। रमज का अर्थ है रुक जाना। रोजे में इंसान जिस प्रकार खाने पीने से रुक जाता है उसी प्रकार बुराइयों से भी रुक जाता है। रोजा रख कर जिन शारीरिक, व्यवहारिक कठिनाइयों से गुजरना पड़ता है वास्तव में इंसान को उस से यही आभास कराना होता है कि समाज के जिस वंचित वर्ग के पास खाने पीने और तुम्हारे जैसी सुविधाएं नहीं हैं उन्हें किस कष्ट से गुजरना पड़ता है। जब उनकी पीड़ा का व्यवहारिक तजर्बा होगा तभी उन से हमदर्दी पैदा होगी। इस्लाम इस बात पर जोर दिया है कि जो अपने लिए पसंद करो वही दूसरों के लिए भी करो। पड़ोसी का यहां तक ख्याल रखने को कहा गया है कि अगर वह गरीब है तो अपने खाने पीने की चीजों में से उसका हिस्सा भी निकालो।


वदूद साजिद, संपादक, दैनिक इंकिलाब

## राजस्थान रीगल्स बने '72 द लीग' के पहले चैंपियन

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** कुतुब गोल्फ कोर्स में खेले गए डीपी वर्ल्ड पीजीटीआइ की '72 द लीग' के पहले संस्करण के फाइनल में राजस्थान रीगल्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यूपी प्रोमेथियंस को 12-3 के बड़े अंतर से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ ही राजस्थान रीगल्स टूर्नामेंट के पहले चैंपियन बन गए। फाइनल मुकाबले में राजस्थान रीगल्स के खिलाड़ियों ने शुरुआत से ही बढ़त बनाए रखी।

सिंगल्स मुकाबलों में जयराज सिंह संधू ने शौर्य भट्टाचार्य को चार और तीन से हराया, जबकि अक्षय शर्मा ने अर्जुन प्रसाद को दो और एक से मात दी। टीम की बढ़त को फोरसम्स मुकाबले में आर्यमान मोहन और युवराज सिंह की जोड़ी ने भी मजबूत किया, जिन्होंने जोशुआ सीले और अर्जुन शर्मा की जोड़ी को एक-अप से हराया।

टूर्नामेंट जीतने के साथ राजस्थान रीगल्स को एक करोड़ रुपये की इनामी राशि और विशेष ट्राफी से सम्मानित किया गया, जबकि उपविजेता यूपी प्रोमेथियंस को 50 लाख रुपये मिले। वहीं, प्लेट चैंपियनशिप में चारमीनार चैंपियंस तीसरे स्थान पर रहे। इस टूर्नामेंट को डीपी वर्ल्ड पीजीटीआइ और गेम आफ लाइफ स्पोर्ट्स की तरफसे आयोजित किया गया था। जिसका उद्देश्य भारत में गोल्फ को लोकप्रिय बनाना और नए खिलाड़ियों को मंच प्रदान करना है।



शुक्रवार को कुतुब गोल्फ कोर्स में खेले गए डीपी वर्ल्ड पीजीटीआइ की '72 द लीग' की विजेता टीम के खिलाड़ी जश्न मनाते हुए • पीजीटीआइ

वर्मा बवासीर क्लीनिक
बवासीर बिना आप्रेशन खत्म
हर रोज सुबह 10.30 से 6 बजे तक
मंगलवार अवकाश
मैन बस स्टैंड, कुतबगढ दिल्ली 39
Ph.: 9868979284

बचपन की गलतियां
हर उम्र में जबरदस्त ताकत व रुकावट
SEX रोगी मिलें
डा.शेख
नई दिल्ली • नोएडा • फरीदाबाद • गुरुग्राम
9837023223